राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल ने संत रविदास जयन्ती के अवसर पर बिहारवासियों को शुभकामनाएँ दी

पटना, 08 फरवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने संत रविदास जयन्ती के अवसर पर बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएँ दी है।

राज्यपाल श्री चौहान ने कहा है कि महान संत एवं कवि रविदास के पदों में भक्ति, प्रेम, ज्ञान एवं कर्म के अनुपम प्रेरणास्पद संदेश भरे हुए हैं। उन्होंने कहा है कि संत रविदास के जीवन और आदर्शों से हमें सद्भावना, निरभिमानता, सामाजिक समरसता तथा मानवीय संवेदना और करूणा को अपने जीवन में उतारने की शिक्षा मिलती है।

राज्यपाल ने अनुरोध किया है कि संत रविदास के जीवनादर्शों से प्रेरणा लेते हुए सबको देश और समाज में एकता, प्रेम और भाईचारा के विकास हेतु दृढ़संकल्पित होना चाहिए।

....